Live हिन्दुस्तान .com

# नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ी गई, चार पर मुकदमा दर्ज

हिन्दुस्तान टीम, अमेठी। Last updated: Tue, 30 Jul 2019 06:25 PM



अमेठी जिले में आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ी है। एक पिकप में लदी 36 पेटी शराब बरामद कर टीम ने चालक को गिरफ्तार किया है। जिसकी निशानदेही पर अमेठी के ज्ञानचन्दपुर में एक घर में चल रही शराब की फैक्ट्री से 50 लीटर अल्कोहल के साथ ही नकली रैपर, स्टीकर व बड़ी मात्रा में शराब की खाली शीशियां बरामद की हैं।

आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। नकली शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार की सुबह आबकारी निरीक्षक अमेठी आदित्य कुमार ने मुखबिर से मिली सूचना पर अमेठी-ककवा रोड पर बिराहिमपुर मोड़ के पास एक पिकप रोककर तलाशी ली। पिकप में 36 पेटियों में 1620 शीशी नकली शराब पाई गई। जिसके बाद टीम ने पिकप चालक जयप्रकाश निवासी चन्दईपुर थाना गौरीगंज को हिरासत में ले लिया और पिकप के साथ कोतवाली लाई। जहां पुलिस की पूछताछ में पिकप चालक ने बताया कि वह अनीस नाम के व्यक्ति को शराब की सप्लाई देने जा रहा था। उसकी निशानदेही पर आबकारी टीम ने पुलिस के साथ कोतवाली क्षेत्र के ही ज्ञानचन्दपुर में एक घर में छापा मारा। जहां चल रही नकली शराब की फैक्ट्री में 50 लीटर अल्कोहल, 4000 खाली शीशियां, 4000 ढक्कन, 5500 रैपर, 5600 स्टीकर, 10 खाली ड्रम व शराब बनाने के उपकरण, रंग व रसायन बरामद हुआ। जिसे टीम ने कब्जे में ले लिया। हालांकि टीम के पहुंचने के पहले ही फैक्ट्री में मौजूद लोग फरार हो चुके थे।

11 जुलाई को पीपरपुर में ठेके पर पकड़ी गई थी नकली शराब अभी हाल ही में 11 जुलाई को जिला आबकारी अधिकारी ने पीपरपुर के हारीपुर में चल रहे देशी शराब के ठेके से 23 पेटियों में 1074 शीशी नकली शराब बरामद की थी। सेल्समैन मौके से गिरफ्तार किया गया था।

-

**‘ ज्ञानीपुर में पकड़ी गई नकली शराब की फैक्ट्री के मामले में आबकारी निरीक्षक आदित्य कुमार की तहरीर पर गिरफ्तार पिकप चालक जयप्रकाश के साथ ही उसके रिश्तेदार अमेठी के बनकटवा निवासी धर्मपाल व उनके पुत्र शनी तथा गौरीगंज के गैरीपुर आनापुर निवासी अनीस के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। नकली शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।’**
**अभय गंगवार, जिला आबकारी अधिकारी अमेठी**

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/lucknow/story-fake-liquor-factory-was-caught-2660808.html